# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,अल्मोड़ा।
## दूरभाष संख्या–05962–231105

**विज्ञप्ति संख्या 01/जि0वि0से0प्रा0–अल्मोड़ा/चयन पी0एल0वी0/2025–26** **दिनॉकः–06.02.2026**

माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पत्र संख्या 2668/यू0के0एस0एल0एस0ए0/2025, दिनॉकित 04 दिसम्बर, 2025 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समस्त जनपद अल्मोड़ा के विभिन्न क्षेत्रों (जनपद मुख्यालय अल्मोड़ा/तालुक विधिक सेवा समिति रानीखेत/द्वाराहाट/भिकियासैंण एवं विभिन्न विकासखण्ड क्षेत्रों) से कार्य करने हेतु 121 पैरालीगल वालियन्टर्स (PLVs) चयनित किये जाने हैं,जिनके लिए अर्हता निम्न प्रकार हैः–

1– कम से कम मैट्रिक पास हो(वरिष्ठ नागरिक,सेवानिवृत,स्नातक,स्नातकोत्तर,डिप्लोमाधारी,कम्प्यूटर ज्ञान,विधि ज्ञान रखने व समाज सेवा के अनुभव वाले को वरीयता दी जायेगी।)

2– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सौंपे गये/बताये गये कार्यो के लिए पर्याप्त व पूर्ण समय दे सकें।

3– अभ्यर्थी के द्वारा जिस विकासखण्ड से आवेदन किया जा रहा हो, उसमें स्थाई रुप से वर्तमान में भी रह रहे हों।

4– अभ्यर्थी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका/चुकी हो (30 वर्ष से अधिक उम्र वाले, समाज सेवी व परिपक्व व्यक्ति को वरीयता दी जायेगी)।

<u>नोटः–</u>

पराविधिक स्वयंसेवी के रुप में चयन किसी राजकीय सेवा के सापेक्ष चयन नहीं है और न ही इसके लिए कोई वेतन भुगतान होना है। पराविधिक स्वयंसेवी के द्वारा एक दिन में किये गये कार्य के सापेक्ष 750/–रुपये के मानदेय का भुगतान आवश्यक सत्यापन के पश्चात किया जायेगा, इसलिए जो व्यक्ति समाज सेवा की प्रबल इच्छा रखते हों, वही व्यक्ति आवेदन करें। रोजगार के उद्देश्य से कोई भी व्यक्ति आवेदन न करें। जिला मुख्यालय से दूरस्थ स्थित विकासखण्डों के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।

इच्छुक अभ्यर्थी नीचे दिये गये निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र, प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति दिनॉक 25.02.2026 की सांय 4:00 बजे तक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर अल्मोड़ा के पते पर डाक द्वारा या दस्ती जमा कराना सुनिश्चित करें।

- उक्त पदों हेतु सभी पात्र अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाक के माध्यम से प्रेषित नहीं किया जायेगा तथा जनपद न्यायालय अल्मोड़ा की Official website- <u>https://almora.dcourts.gov.in</u> में अपलोड उक्त पदों हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची के कम में सभी पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 17.03.2026 समय 3:30 बजे, स्थान जनपद न्यायालय परिसर,अल्मोड़ा में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
- सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वह समय–समय पर जनपद न्यायालय अल्मोड़ा की Official website- <u>https://almora.dcourts.gov.in</u> को लॉगिन करते रहें अथवा अधिक जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा के टेलीफोन नम्बर–05962–231105 पर सम्पर्क कर सकते हैं। यदि कोई भी पात्र अभ्यर्थी साक्षात्कार से सम्बन्धित तिथि/समय/स्थान की जानकारी Official website अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दूरभाष से प्राप्त नहीं करेगा तो उस सम्बन्ध में सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की ही होगी।
- अपरिहार्य कारणों से साक्षात्कार की तिथि अथवा समय में परिवर्तन का पूर्ण अधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा जिसकी सूचना पृथक रुप से जनपद न्यायालय अल्मोड़ा की उक्त Official website से जारी की जायेगी।

## <u>पैरा लीगल वालिंयन्टर(P.L.V.) के चयन हेतु</u>
## <u>आवेदन पत्र</u>

विज्ञप्ति संख्या–01/जि0वि0से0प्रा0–अल्मोड़ा/चयन पी0एल0वी0/2025–26 दिनॉकित 06.02.2026 के कम में निर्धारित प्रारुप में प्रार्थी/प्रार्थिनी आवेदन पत्र निम्नवत् प्रस्तुत हैः–

1–अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम(हिन्दी में).......................................................................
(अग्रेजी कैपिटल लैटर में)...........................................................................................

2–पिता/पति का नाम..................................................................................................

3–स्थाई पता.......................................................................................विकासखण्ड.......................
तहसील....................................जिला.................................(पते का प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

4–वर्तमान पता/पत्र व्यवहार का पता..............................................................................................

5–जन्म तिथि(अंको में)..........................................................(DD-MM-YYYY) उम्र...................................................

6– लिंग ( पुरुष/महिला/अन्य अंकित करें) ( )

7– राष्ट्रीयता..................................................................

8– श्रेणी–सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग (उपयुक्त स्थान पर सही का निशान लगायें)

9– जाति.......................................................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

10– मोबाईल नम्बर...........................................पैन कार्ड नं0...................................आधार कार्ड नं0....................

11– ई–मेल आई0डी0(यदि कोई हो)...................................................................................................

12– आधार संख्या ...................................................................................................(स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

13– शैक्षिक योग्यता ...............................................................................................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

14– वर्तमान पेशा/कार्य.....................................................................................................................

15– कार्यानुभव यदि कोई हो तो...........................................................................................(प्रमाण संलग्न करें)

| संस्था का नाम | पद | कार्य की प्रकृति | सेवा का समय |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

16– अभ्यर्थी के कार्य स्थल का विवरणः–

1. तहसील का नाम जिसमें कार्य करने के इच्छुक हैं।
2. ग्राम पंचायतों का विवरण जिसमें कार्य करने के इच्छुक हैं।

*----------------------------------------------------------

*----------------------------------------------------------

*----------------------------------------------------------

**घोषणा**

मैं श्री/श्रीमती ..........................घोषणा करता/करती हूँ कि शर्तो के अनुसार पराविधिक कार्यकर्ता के चयन हेतु अर्हता रखता/रखती हूँ एवं पराविधिक स्वयंसेवी के रुप में अपनी सेवायें देने हेतु उपरोक्तानुसार विवरण प्रस्तुत कर रहा हूँ/रही हूँ। आवेदन में दी गयी सूचना/विवरण मेरी जानकारी में पूर्ण एवं सत्य है, यदि कोई सूचना अपूर्ण/असत्य पायी जाती है या छुपाई जाती है तो मेरा चयन निरस्त कर दिया जाये, जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी।

दिनॉकः– आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

Sachi Sharma
सचिव, 06/02/26
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
अल्मोड़ा

**प्रतिलिपिः– जिला सूचना अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

Sachi Sharma
सचिव, 06/02/26
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
अल्मोड़ा

## कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,अल्मोडा

**पत्रांकः– मैमो/डी0एल0एस0ए0/अल्मोडा** **दिनॉकः–06/02/2026**

**प्रतिलिपिः–** निम्नॉकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु एवं इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति अपने–अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड में भी चस्पा कराने का कष्ट करें तथा आख्या प्रेषित करें।

1. श्रीमान जिलाधिकारी महोदय अल्मोड़ा।
2. समस्त उपजिलाधिकारी जनपद अल्मोड़ा।
3. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, जिला जजी अल्मोड़ा।
4. तालुक विधिक सेवा समिति रानीखेत/वाहय न्यायालय रानीखेत।
5. तालुक विधिक सेवा समिति द्वाराहाट/वाहय न्यायालय द्वाराहाट।
6. तालुक विधिक सेवा समिति भिकियासैंण/वाहय न्यायालय भिकियासैंण।
7. जिला पंचायत राज अधिकारी अल्मोड़ा को इस आशय से प्रेषित कि आप उक्त विज्ञापन का प्रचार प्रसार जनपद के समस्त ग्रामों में ग्राम पंचायत राज अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों के माध्यम से करवाया जाना सुनिश्चित करें।
8. जिला विकास अधिकारी अल्मोड़ा को इस आशय से प्रेषित कि आप उक्त विज्ञापन का प्रचार प्रसार जनपद के समस्त ग्रामों/ब्लॉक स्तर में ग्राम विकास अधिकारियों/बी0डी0ओ0 के माध्यम से करवाया जाना सुनिश्चित करें।
9. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा नोटिस बोर्ड।
10. सिस्टम आफिसर, जिला जजी अल्मोड़ा को इस आशय से प्रेषित कि अविलम्ब विज्ञप्ति को जिला जजी अल्मोड़ा की Official website पर अपलोड करें व अनुपालन आख्या प्रेषित करें।
11. सम्बन्धित पत्रावली।

Shachi Sharma
सचिव, 06/02/26
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
अल्मोड़ा